नीमराना में नकली दूध से भरी पिकअप गाड़ी पकड़ी - fake milk caught in Neemrana

बहरोड. जिले के नीमराना में प्रशासन ने मिलावट के खिलाफ अभियान चलाकर पिकअप गाड़ी को जब्त कर दूध नष्ट कराया. कार्रवाई के बाद अवैध दूध और पनीर बनाने वालों में हड़कंप मच गया. स्वास्थ्य विभाग के खाद्य सुरक्षा अधिकारी हेमंत कुमार यादव के नेतृत्व में नीमराना में मिलावट खोरों के खिलाफ यह कार्रवाई की गई.

यादव ने बताया कि बीजेपी नेता मोहित यादव ने सूचना दी थी कि नीमराना में नकली दूध पिकअप में भरकर नीमराना डेयरी में सप्लाई के लिए लाई जा रही है. इसकी सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर खाद्य सुरक्षा दल ने दूध से भरी पिकअप को नीमराना पर रुकवाया और मोबाइल टेस्टिंग वेन से दूध की जांच कराई गई. इसमें करीब 9 केनों में मिलावट पाई गई.

खाद्य सुरक्षा एक्ट 2006 नियम के तहत सैंपल लेकर मौके पर करीब 360 लीटर दूध तुरंत नष्ट कराया गया. उसके बाद यादव आइस फैक्ट्री में 70 किलो घी जब्त किया गया. इस दौरान खाद्य सुरक्षा दल में खाद्य सुरक्षा अधिकारी रोशन लाल यादव मौजूद रहे. खाद सुरक्षा विभाग की टीम की कार्रवाई से बहरोड़ नीमराना क्षेत्र में मिलावटखोरों में हड़कंप मच गया. लोग अपने अपने प्रतिष्ठान बंद कर फरार हो गए. एक महीने पहले भी बहरोड़ में अलग अलग जगहों पर इस प्रकार की कार्रवाई की गई थी.

Source: https://www.etvbharat.com/hi/!state/pickup-vehicle-loaded-with-fake-milk-caught-in-neemrana-rjs24062002772